समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# एअर इंडिया हादसे के बाद कर्मचारी कर रहे थे डांस और सेलिब्रेशन, वीडियो वायरल ; AISATS ने की कड़ी कार्रवाई।

Publisher

Published on 28 Jun 2025



## AI 171 विमान हादसे के कुछ दिनों बाद वायरल हुआ ऑफिस पार्टी का वीडियो, AISATS ने जताया खेद, चार वरिष्ठ कर्मचारियों को किया बर्खास्त।

**AI 171 हादसे के बाद "सेलिब्रेशन", वायरल वीडियो से मचा हड़कंप**
**एअर इंडिया सैट्स सर्विसेस लिमिटेड (AISATS)** के कर्मचारियों का एक **वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया** है जिसमें वे ऑफिस के अंदर **गाना-बजाना**, **डांस** और **जश्न** मनाते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह वीडियो **12 जून 2025** को हुए **एअर इंडिया AI 171 विमान** हादसे के कुछ ही दिन बाद शूट किया गया।

हालांकि कंपनी ने स्पष्ट नहीं किया है कि यह वीडियो किस दिन का है, लेकिन घटना के समय को लेकर **संदेह** और **आक्रोश गहराता** जा रहा है।

**AISATS ने जताया खेद, कार्रवाई की पुष्टि**
**AISATS** ने शुक्रवार को एक आधिकारिक बयान जारी करते हुए कहा:
"हम AI 171 विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं। जो वीडियो हाल ही में वायरल हुआ है, वह हमारी कंपनी के मूल्यों के अनुकूल नहीं है। हमने जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की है।"

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/x-downloader.com_bgZyNu.mp4
कंपनी ने आगे बताया कि **वीडियो पार्टी मे शामिल चार वरिष्ठ अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नौकरी से बर्खास्त कर**

**दिया गया है।**

**क्या था AI 171 विमान हादसा?**
12 जून 2025 को **एअर इंडिया AI 171 विमान** जो कि अ**हमदाबाद से लंदन गेटविक** जा रहा था, **टेकऑफ के कुछ ही मिनटों बाद तकनीकी खराबी के कारण मेडिकल हॉस्टल कॉम्प्लेक्स मे दुर्घटनाग्रस्त हो गया।**
**इस हादसे मे 270 लोगों की मौत हुई थी, जिसमे 241 यात्री विमान मे संवार थे।**
**केवल एक यात्री जीवित बचा।**

इस भयावह हादसे के बाद पूरे देश में **शोक** और **आक्रोश का माहौल** था। ऐसे में **AISATS** के कर्मचारियों का **वायरल हुआ यह वीडियो लोगों की संवेदनाओं को आहत** कर रहा है।

**कंपनी की छवि और पेशेवर जिम्मेदारी पर सवाल**
यह घटना न केवल **एअर इंडिया** या **AISATS** की **संवेदनशीलता** पर सवाल खड़ा करती है, बल्कि यह बताती है कि **कॉर्पोरेट वातावरण** में **प्रोफेशनलिज़्म और इंसानियत** कितनी ज़रूरी है। कंपनी ने यह भी कहा है कि वह भविष्य में ऐसी किसी भी गतिविधि को रोकने के लिए आंतरिक **दिशा-निर्देशों** को और सख्त करेगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.